**जिलाधिकारी महोदय, कानपुर नगर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत क्रियान्वित पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक दिनांक 15.05.2026 को आहूत समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

जनपद कानपुर नगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक दिनांक 15.05.2026 को आहूत हुयी, जिसमें निम्न अधिकारी/कर्मचारी उपस्थिति रहें:-

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदय/उपाध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कानपुर नगर।
2. जिला विकास अधिकारी महोदय, कानपुर नगर।
3. जिला पंचायत राज अधिकारी के प्रतिनिधि।
4. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी के प्रतिनिधि।
5. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
6. अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस/सिंचाई
7. अधिशासी अभियन्ता ग्राउण्ड वाटर।
8. जिला कृषि अधिकारी के प्रतिनिधि।
9. जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
10. सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर नगर।
11. अधिशासी अभियन्ता(वि0/याँ0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर नगर।
12. अधिशासी अभियन्ता पी0डब्ल्यू0डी0(पी0डी0), कानपुर नगर।
13. जनपद स्तरीय जल परीक्षण प्रयोगशाला केस्टि, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) कानपुर नगर।
14. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, कानपुर नगर।
15. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (बी0एल0जी0), कानपुर नगर।
16. प्रोजेक्टर मैनेजर, मै0 वी0एस0ए0, हैदराबाद।
17. प्रोजेक्टर मैनेजर, मै0 वी0टी0एल0-गाजा, नोएडा।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिये गये :-

1. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि 79 नग पेयजल योजनायें पूर्ण हैं जोकि पूर्व में 78 नग योजनायें थी अब 01 नग (विकासखण्ड ककवन की शाहपुर दूलु) पेयजल योजना मै0 वी0एस0ए0 की पूर्ण हुई हैं साथ ही सम्बन्धित फर्मो को निर्देशित किया गया है कि उक्त योजना में निर्बाध जलापूर्ति की जाये।

   (कार्यवाही- अधि0अभि0, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण))

2. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कानपुर नगर में 468 नग नलकूप के सापेक्ष 464 नलकूप का निर्माण कराया जा चुका है। शेष 04 नग नलकूप के लिए भूमि उपलब्ध न होने के कारण निर्माण नही हो सका। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है कि सम्बन्धित पत्रावली मुख्य विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी के समस्त प्रस्तुत कर समस्या का निदान किया जाये।

   (कार्यवाही- मुख्य विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी/अधि0अभि0, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण))

3. जिलाधिकारी महोदय द्वारा इब्राहिमपुर पेयजल योजना पर न्यायालय द्वारा चल रहे केस से सम्बन्धित विवरण आपने समक्ष प्रस्तुत करने को निर्देशित किया गया है।

   (कार्यवाही- अधि0अभि0, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)/जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0)



Scanned with OKEN Scanner

4. जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया की संचालन एवं अनुरक्षण (O&M Scheme) पेयजल योजना में वित्तीय वर्ष/माहवार सम्बन्धित शिकायतो एवं कार्यरत इंजीनियर/कर्मचारी की सूची कार्यालय अधिशासी अभियन्ता के समक्ष प्रस्तुत करें।

(कार्यवाही– मै0 वी0एस0ए0/मै0 वी0टी0एल0)

5. जिलाधिकारी महोदय द्वारा व्यवधान मुद्दे (Hindrance Issue) की सूची मुख्य विकास अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया, साथ ही जिला विकास अधिकारी उक्त मुद्दो पर ससमय निदान करवाना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– मुख्य विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी/अधि0अभि0, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण))

6. जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्माणाधीन/निर्मित पेयजल योजनाओं में चोरी की घटनाओं को सम्बन्धित थानो में FIR दर्ज करने के निर्देश दिये एवं 72 घण्टो के भीतर सम्बन्धि थानो में FIR दर्ज न होने की स्थिति में मुख्य विकास अधिकारी/उप जिलाधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया जाये।

(कार्यवाही– मुख्य विकास अधिकारी/अधि0अभि0, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)/सम्बन्धित फर्म)

7. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क चौड़ीकरण के अन्तर्गत डाली गयी पाइपलाईन/गृह संयोजन को क्षतिग्रस्त कर दिया जिस कारण पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति बाधित है। महाराजपुर विधान सभा के अन्तर्गत विकासखण्ड सरसौल की टौंस एवं नरौरा पूर्ण पेयजल योजना एवं बिठूर विधान सभा के अन्तर्गत विकासखण्ड चौबेपुर की पेम पेयजल योजना सड़क चौड़ीकरण के कारण पूर्णतः बन्द है।

(कार्यवाही– अधि0अभि0, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)/लोक निर्माण विभाग)

8. जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यरत् टी0पी0आई0 एजेंसी मै0 बी0एल0जी0 कन्सट्रक्शन के डी0पी0एम0 श्री मानधाता सिंह से सूचना चाही की आपके द्वारा अभी तक कुल कितने Non Compliance (NC) दी गयी, NC's Compliance में कितने Resolve हुआ एवं Non Compliance (NC) किस स्तर की थी।

(कार्यवाही– टी0पी0आई0/सम्बन्धित फर्म)

9. अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम, द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल योजनाओं के. श्रोतो की स्थिरता (Source Sustainability) सुनिश्चित करने के सम्बंध में अवगत कराया की विकासखण्ड ककवन, बिधनू एवं शिवराजपुर Dark zone में है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) को निर्देशित की (Source Sustainability) की पत्रावली को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें।

(कार्यवाही– अधि0अभि0, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण))

10. जिलाधिकारी महोदय द्वारा पूर्ण परियोजनाओं के सापेक्ष प्रत्येक विकास खण्ड से 02 नग आर्दश पेयजल योजना को चिन्हित करने हेतु निर्देश दिये गये। जिला विकास अधिकारी इनको देखे तथा एक सप्ताह में रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रस्तुत करें।

(कार्यवाही– जिला विकास अधिकारी/अधि0अभि0, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण))

11. मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 425 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष निर्माणाधीन 346 नग पेयजल योजनाओं को लक्षित समय सीमा के भीतर पूर्ण कर लिया जायेगा।

(कार्यवाही– अधि0अभि0, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)/सम्बन्धित फर्म)

उपरोक्त बिन्दुओं से परिलक्षित होता है कि जनपद में अनुबन्धित फर्मो द्वारा कार्यो में शिथिलता बरती जा रही एवं रूचि नहीं ली जा रही है, जिससे अनुबन्धित फर्म योजनाओं को ससमय पूर्ण करने में अक्षम है, क्यों न अनुबन्धित फर्मो के खिलाफ अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाए। साथ ही



Scanned with OKEN Scanner

प्रगति में सुधार लाये जाने तथा निरन्तर योजनाओं को अनुश्रवण करते हुए, प्रगति बढ़ाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

बैठक ससमय सम्पन्न हुयी ।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
कानपुर नगर

पत्रांक– 1779/W-13/216 दिनांक 18/05/2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थः–

1. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. निजी सचिव, अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय/उपाध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कानपुर नगर।
4. जिला विकास अधिकारी, कानपुर नगर।
5. जिला पंचायत राज अधिकारी, कानपुर नगर।
6. अधिशासी अभियन्ता (वि0/यां0), खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर नगर।
7. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर, कानपुर नगर।
8. मै0 वी0एस0ए0–एस0एम0सी0, हैदराबाद।
9. मै0 विंध्य टेलीलिन्क्स–गाजा प्रा0 लि0, नोएडा।
10. टी0पी0आई0 हेतु नामित एजेन्सी।
11. डी0पी0एम0यू0, कानपुर नगर।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
कानपुर नगर।

Scanned with OKEN Scanner